Ans. (a) – राजस्थान पर्यटन के विपणन अभियान की वर्तमान टैगलाइन –"पधारो म्हारे देश-राजस्थान-द इन्क्रेडिबल स्टेट ऑफ इंडिया" है। इस टैगलाइन का प्रतिस्थापन अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने किया। इससे पहले टैगलाइन थी–" ना जाने क्या दिख जाये" बी.जे.पी. सरकार द्वारा लाई गयी थी।

157. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल का गठन किस प्रकार के प्रदूषण की रोकथाम व नियंत्रण के लिए हुआ था?

(a) जल (b) मृदा
(c) ध्वनि (d) वायु

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (a) – राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का गठन 7 फरवरी, 1975 को जल-प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के उद्देश्यों के साथ किया गया था। इसका गठन जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियत्रंण) अधिनियम, 1974 की धारा 4 के तहत की गई। 1981 में इसे वायु प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपशमन की जिम्मेदारी भी सौंपी गयी।

158. 'जिन्दोली सुरंग' राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में से किसमें स्थित है?

(a) जयपुर (b) अलवर
(c) उदयपुर (d) राजसमन्द

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (b) – जिंदोली सुरंग राजस्थान के अलवर जिलें में स्थित है। यह सुरंग अलवर शहर से 16 किमी. दूर है। सुरंग का निर्माण अलवर बहरोड़ मार्ग पर स्थित जिंदोली घाटी में किया गया है। इस सुरंग का निर्माण इंजीनियर राजदीप शर्मा द्वारा किया गया। यह 500 मीटर लम्बी है। यह राजस्थान की पहली सड़क यातायात सुरंग है, जो 1996 से 1999 के बीच बनी।

159. भारतीय संविधान के अनुसार राजस्थान को भारत के किस श्रेणी के राज्य में रखा गया है?

(a) प्रथम श्रेणी A (b) प्रथम श्रेणी B
(c) तृतीय श्रेणी C (d) स्वतंत्र राज्य

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)- 2019
JEN Civil Diploma- 21.08.2016

Ans. (b) – मूल भारतीय संविधान में राज्यों को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया था। इस प्रकार के विभाजन में राजस्थान को "द्वितीय श्रेणी- B" में रखा गया था।
7 वें संविधान संशोधन 1956 के द्वारा राज्यों की श्रेणी व्यवस्था समाप्त कर 14 राज्य और 6 केन्द्र शासित प्रदेश बनाए गए।

160. राजस्थान में किस स्थान पर प्रतिवर्ष 12 सितम्बर को वृक्ष महोत्सव बनाया जाता है?

(a) मंडोर (b) फलौदी
(c) खेजड़ली (d) रातानाड़ा

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020
LDC Exam 12.08.2018

Ans. (c) – राजस्थान में प्रतिवर्ष 12 सितम्बर को जोधपुर जिले के "खेजड़ली (खेजड़ी) गाँव" में वृक्ष महोत्सव (ट्री फेस्टिवल) मनाया जाता है। यह त्योहार खेजड़ी के पेड़ों की रक्षा करने वाले विश्नोई समुदाय के 363 शहीदों के बलिदान की याद में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। 18वीं सदी में इस समुदाय के लोगों (प्रमुख-अमृता देवी बिश्नोई व इनके पति रामू जी) ने खेजड़ी वृक्ष की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। 1982-83 में राजस्थान सरकार द्वारा खेजड़ी को राजकीय वृक्ष घोषित किया गया।

161. निम्नलिखित में से कौनसी तहसील राजस्थान के दक्षिणतम भाग में स्थित है?

(a) कुशलगढ़ (b) घाटोल
(c) बागीदोरा (d) गढ़ी

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (a) – कुशलगढ़ तहसील राजस्थान के दक्षिणतम् भाग में स्थित है। यह राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में है। राजस्थान राज्य का सबसे दक्षिणी गाँव बोरकुंड गाँव (जिला-बांसवाडा), सबसे पूर्वी गाँव - सिलॉन गाँव (जिला-धौलपुर) तथा सबसे पश्चिमी गाँव- कटरा गाँव (जिला-जैसलमेर) है।

162. राजस्थान के किस क्षेत्र में 'पंधारी के मेदक मिष्ठान" प्रसिद्ध है?

(a) नाथद्वारा (b) जोधपुर
(c) बीकानेर (d) जयपुर

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (c) – पंधारी के मेदक मिष्ठान बीकानेर में प्रसिद्ध हैं। हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह व्यंजन भगवान गणेश का पंसदीदा प्यंजन है। मोदक का निर्माण चावल के आटे, नारियल व गुड़ का उपयोग कर होता है।

163. राजस्थान में 'कोलवी की गुफाएं' कहाँ अवस्ति हैं?

(a) बूँदी जिला (b) झालावाड़ जिला
(c) कोटा जिला (d) जयपुर जिला

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (b) – 'कोलवी की गुफाएं' राजस्थान राज्य के झालवाड़ा जिले के कोलवी गाँव में स्थित है। यह बौद्ध धर्म के हीनयान सम्प्रदाय को प्रदर्शित करती है। इन्हे लैटेराइट रॉक छिल में उकेरा गया है। इसे राज्य की एलोरा गुफा भी कहते हैं।

164. निम्न में कौन सी प्राकृतिक आपदा राजस्थान में घटित होने की न्यूनतम आशंका रखती है?

(a) बाढ़ (b) सुनामी
(c) सूखा (d) भूकम्प

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा- 2018